रौल नं०.....नाम परीक्षार्थी.....

X-1 अर्द्धवार्षिक परीक्षा सन् 2023–24 ई० A

हिन्दी (केवल प्रश्न–पत्र)

समय – 3.00 घण्टा कक्षा – 10 पूर्णांक – 70

निर्देश:–(i) यह प्रश्न प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभाजित है। खण्ड–क एवं ख है। (ii) खण्ड–क में 20 अंकों के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। (iii) खण्ड–ख में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं। (iv) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख दिये गये हैं।

खण्ड–क (बहुविकल्पीय प्रश्न)

निम्न प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए :–

1. निम्न में से भारतेन्दु युग–पूर्व का लेखक नहीं है :– 1
   (क) शिवप्रसाद 'सितारेहिन्द' (ख) लक्ष्मण सिंह
   (ग) इंशा अल्ला खाँ (घ) यशपाल।
2. 'यात्रा वृत्तान्त' के लेखक हैं :– 1
   (क) राहुल सांकृत्यायन (ख) वियोग हरि
   (ग) महादेवी वर्मा (घ) रामवृक्ष बेनीपुरी।
3. 'चिन्तामणि' के रचयिता हैं :– 1
   (क) डॉ. रामकुमार वर्मा (ख) जयशंकर प्रसाद
   (ग) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल (घ) प्रेमचन्द।
4. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का जन्म कब हुआ था :– 1
   (क) सन् 1884 (ख) सन् 1894
   (ग) सन् 1984 (घ) सन् 1994
5. बख्शी जी का कहानी संग्रह है :– 1
   (क) अंजलि (ख) शतदल
   (ग) विश्व साहित्य (घ) पंचपात्र।
6. 'कठिन काव्य का प्रेत' कहा जाता है :– 1
   (क) घनानन्द को (ख) भूषण को
   (ग) केशव को (घ) पद्माकर को।
7. महादेवी वर्मा कवियत्री हैं :– 1
   (क) प्रगतिवादी युग की (ख) द्विवेदी युग की
   (ग) छायावाद युग की (घ) प्रयोगवाद युग की।
8. 'आँसू' की रचना किस कवि ने की :– 1
   (क) बिहारी (ख) नरपति नाल्ह
   (ग) जयशंकर प्रसाद (घ) अज्ञेय।
9. 'कामायनी' किस युग की रचना है :– 1
   (क) भारतेन्दु युग (ख) द्विवेदी युग
   (ग) छायावादी युग (घ) प्रगतिवादी युग।
10. निम्न पंक्तियों में कौन–सा रस है :– 1
    पूछति ग्राम बधू सिय सो कहौ साँवरे से, सखि रावरे को हैं
    (क) शान्त (ख) वीर
    (ग) हास्य (घ) करूण।

(पृष्ठ पलटिए)

11. हास्य रस का स्थायी भाव है :- 1
(क) हास (ख) उत्साह
(ग) आश्चर्य (घ) भय।

12. निम्न पंक्ति में अलंकार है :- 1
माया–दीपक नर–पतंग
(क) उत्प्रेक्षा (ख) उपमा
(ग) रूपक (घ) ये सभी।

13. रोला के प्रत्येक चरण में मात्राएँ होती हैं :- 1
(क) 24 (ख) 25
(ग) 30 (घ) 20

14. 'अपवाद' में उपसर्ग है :- 1
(क) अ (ख) अप
(ग) वाद (घ) आ।

15. 'भलाई' शब्द में कौन–सा प्रत्यय है :- 1
(क) ई (ख) आइ
(ग) अई (घ) आई।

16. 'पंचवटी' में समास है :- 1
(क) द्विगु समास (ख) द्वन्द्व समास
(ग) तत्पुरुष समास (घ) इनमें से कोई नहीं।

17. 'अमूल्य' शब्द का तद्भव लिखिए :- 1
(क) मोल (ख) अमोल
(ग) मूल्य (घ) कोई नहीं।

18. आँख का पर्यायवाची शब्द नहीं है :- 1
(क) चक्षु (ख) लोचन
(ग) अक्षि (घ) दृष्टि।

19. निराशा का संधि–विच्छेद है :- 1
(अ) निरा + आशा (ब) निर् + आशा
(स) निः + आशा (द) निरः + आशा।

20. 'यथार्थ' में कौन–सी संधि है :- 1
(क) दीर्घ (ख) यण्
(ग) गुण (घ) वुद्धि।

खण्ड–ब (वर्णात्मक प्रश्न)

21. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 6

यह कोई बात नहीं कि एक ही स्वभाव और रूचि के लोगों में ही मित्रता हो सकती है। समाज में विभिन्नता देखकर लोग एक–दूसरे की ओर आकर्षित होते हैं। जो गुण हममें नहीं हैं, हम चाहते हैं कि कोई ऐसा मित्र मिले, जिसमें वे गुण हों। चिन्ताशील मनुष्य प्रफुल्लित चित्त का साथ ढूँढता है, निर्बल बली का, धीर उत्साही का। उच्च आकांक्षा वाला चन्द्रगुप्त युक्ति और उपाय के लिये चाणक्य का मुँह ताकता था। नीति–विशारद अकबर मन बहलाने के लिये बीरवल की ओर देखता था।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का संदर्भ लिखिए।
(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) समाज में विभिन्नता देखकर लोग एक-दूसरे की ओर क्यों आकर्षित होते हैं?

अथवा

हिन्दी में प्रगतिशील साहित्य का निर्माण हो रहा है। उसके निर्माता यह समझ रहे हैं कि उनके साहित्य में भविष्य का गौरव निहित है। पर कुछ ही समय के बाद उनका यह साहित्य भी अतीत का स्मारक हो जाएगा और आज जो तरूण हैं, वही वृद्ध होकर अतीत के गौरव का स्वप्न देखेंगे। उनके स्थान पर तरूणों का फिर दूसरा दल आ जाएगा, जो भविष्य का स्वप्न देखेगा। दोनों के ही स्वप्न सुखद होते हैं, क्योंकि दूर के ढोल सुहावने होते हैं।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का संदर्भ लिखिए।
(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(ग) प्रगतिशील साहित्य को अतीत का स्मारक क्यों कहा गया है?

22. निम्नांकित पद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 6

ऊधौ मन न भए दस बीस।
एक हुतौ सो गयौ स्याम सँग, को अवराधै ईस॥
इंद्री सिथिल भईं केसव बिनु, ज्यौं देहि बिनु सीस।
आसा लागि रहित तन स्वासा, जीवहिं कोटि बरीस।
तुम तै सखा स्याम सुन्दर के, सकल जोग के ईस।
सूर हमारे नँद-नंदन बिनु, और नहीं जगदीस॥

(अ) उपर्युक्त पद्यांश का संदर्भ लिखिए।
(ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(स) 'इन्द्री सिथिल भई केसव बिनु, ज्यौं देही बिनु सीस।' इस पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए।

अथवा

चन्द्रलोक में प्रथम बार, मानव ने किया पदार्पण
छिन्न हुए लो, देश काल के, दुर्जय बाधा बंधन।
दिग्विजय मनु-सुत, निश्चय,
यह महत् ऐतिहासिक क्षण,
भू-विरोध हो शांत।
निकट आयें सब देशों के जन।

(अ) उपर्युक्त पद्यांश के शीर्षक एवं कवि का नाम लिखिए।
(ब) प्रस्तुत पद्यांश में कवि ने क्या व्यक्त किया है?
(स) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

23. निम्नलिखित संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का संदर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए :- 5

(क) एषा नगरी भारतीयसंस्कृतेः संस्कृतभाषायाश्च केन्द्रस्थलम् अस्ति। इत एव संस्कृतवाङ्मयसंस्कृतेश्च आलोकः सर्वत्र प्रसृतः। मुगलयुवराजः दाराशिकोहः अत्रागत्य भारतीय-दर्शन-शास्त्राणाम् अध्ययनम् अकरोत्। स तेषां ज्ञानेन तथा प्रभावितः अभवत्, यत् तेन उपनिषदाम् अनुवादः पारसीभाषायां। कारितः।

अथवा

(पृष्ठ पलटिए)

नागरिकः बहुकालं यावत् अचिन्तयत्, परं प्रहेलिकायाः उत्तरं दातुं समर्थः न अभवत्। अतः ग्रामीणम् अवदत्–"अहम् अस्याः प्रहेलिकायाः उत्तरं न जानाति। इदं श्रुत्वा ग्रामीणः अकथयत्, "यदि भवान् उत्तरं न जानाति, तर्हि ददातु दशरूप्यकाणिः" अतः म्लानमुखेन नागरिकेण समयानुसारं दशरूप्यकाणि दत्तानि।

24. निम्नलिखित संस्कृत पद्यांशों में से किसी एक का संदर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए :– 5

(क) नीर–क्षीर–विवेके हंसालस्यं त्वमेव तनुषे चेत्।
विश्वस्मिन्नधुनान्यः कुलव्रतं पालयिष्यति कः॥

(ख) हतो या प्राप्स्यसि स्वर्ग जित्वा वा भोक्ष्यते महीम्॥
निराशीर्निर्ममो भूत्वा युध्यस्व विगतज्वरः॥

25. अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर उसकी कथावस्तु संक्षेप में लिखिए। 3

26. (क) निम्न लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन–परिचय दीजिए और उसकी दो प्रमुख रचनाओं के नाम लिखिए :– 5

(अ) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल (ब) डा. राजेन्द्र प्रसाद

(ख) निम्न कवियों में से किसी एक कवि का जीवन–परिचय दीजिए और उसकी दो प्रमुख कृतियों के नाम लिखिए :–

(अ) सूरदास (ब) बिहारीलाल

27. अपनी पाठ्यपुस्तक से कण्ठस्थ किया हुआ कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न पत्र में न आया हो। 2

28. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर संस्कृत में लिखिए :– 4

(क) वाराणसी नगरी केषां संगमस्थली अस्ति?

(ख) सुवर्णस्य मुख्य दुःखं किम् अस्ति?

(ग) पुरुराजः कः आसीत्?

(घ) पदेनविना किं दूरं याति।

29. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए :– 9

(क) देशप्रेम या स्वदेश प्रेम

(ख) मेरे प्रिय कवि : तुलसीदास

(ग) भारत में आतंकवाद की समस्या एवं समाधान

(घ) वृक्षारोपण का महत्व।